# University in News on 12 January 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : पूर्व छात्र को मिला 15 हजार डॉलर का अनुदान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व छात्र शत्रुघ्न कुमार गुप्ता को पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन की ओर से अनुदान के रूप में 15 हजार डॉलर (करीब 2 लाख 92 हजार 932 रुपये) दिए गए हैं।


शत्रुघ्न गुप्ता

यह अनुदान उन्हें कला में उनके अद्वितीय योगदान और रचनात्मकता के लिए मिला है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शत्रुघ्न ने ललित कला संकाय से 2007 में स्नातक व 2009 में चित्रकला में परास्नातक किया।

आर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रतन कुमार के मुताबिक, पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन प्रतिष्ठित संस्था है जो विश्वभर में उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान कर आर्थिक सहयोग भी देती है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्र शत्रुघ्न को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

### लविवि : सीए की परीक्षा की वजह से बीकॉम-एमकॉम के कार्यक्रम में बदलाव

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में बीकॉम ऑनर्स की पांचवें सेमेस्टर व एमकॉम की परीक्षा सीए की परीक्षा के साथ पड़ने से परीक्षा विभाग ने तिथियों में बदलाव किया है। इसके लिए ऐसे विद्यार्थियों को 18 नवंबर तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने को कहा गया है जिससे उनकी परीक्षा बिना बाधा के दूसरी तिथि में कराई जा सके। मालूम हो कि एबीवीपी ने तिथि बढ़ाने के लिए परीक्षा नियंत्रक से अनुरोध किया था। 13 जनवरी को एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं को आगे बढ़ाया गया है। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू: सीए परीक्षा के चलते छात्रों को राहत

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीकॉम ऑनर्स पंचम सेमेस्टर और एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की तिथियों में बदलाव किया जाएगा। एबीवीपी ने सीए और सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के चलते तिथियों में बदलाव की मांग उठाई थी। जिसके बाद परीक्षा विभाग की ओर से पत्र जारी किया गया।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीकॉम आनर्स पंचम सेमेस्टर की 15 व 17 जनवरी और एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की 13 जनवरी की परीक्षा के साथ सीए परीक्षा वाले छात्र अपने प्रवेश पत्र के साथ प्रार्थना पत्र 18 जनवरी तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दें। जिससे उनकी परीक्षाएं पृथक से सम्पादित हों।

### एलयू: दो और एक वर्षीय पीजी कोर्स मंजूर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को अध्ययन परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में परास्नातक पाठ्यक्रम के सिलेबस पर चर्चा हुई। जिसके बाद दो वर्ष के पीजी पाठ्यक्रम को 96 की बजाय 80 क्रेडिट करने के फैसले पर सहमति बनी। साथ ही एक वर्ष का पीजी 40 क्रेडिट का होगा।

### एलयू के पूर्व छात्र को 15 हजार डॉलर का अनुदान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व छात्र शत्रुधन कुमार गुप्ता का प्रतिष्ठित पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन ग्रांट के लिए चयन हुआ है। छात्र को पुरस्कार में 15 हजार डॉलर दिए गए हैं। पुरस्कार उन्हें कला में उनके अद्वितीय योगदान और रचनात्मकता के लिए मिला है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शत्रुधन ने ललित कला संकाय से परास्नातक किया है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### एकेडमिक टूर पर जाएंगे लवि के परास्नातक विद्यार्थी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में संचालित दो वर्षीय परास्नातक कोर्सों के छात्र-छात्राएं पहली बार अब इंडस्ट्री व अन्य संस्थानों में एकेडमिक टूर पर भी जाएंगे। यह व्यवस्था आगामी सत्र से तीसरे सेमेस्टर में लागू होगी। इसके लिए चार क्रेडिट मिलेंगे। टूर से वापस होने पर विद्यार्थियों को अपनी रिपोर्ट विभाग में जमा करनी होगी, जिसके आधार पर उन्हें अंक दिए जाएंगे। शनिवार को विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इस पर सहमति बनी। अब फैकल्टी बोर्ड और एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

वनस्पति विज्ञान विभाग में परास्नातक स्तर पर एम.एससी वनस्पति विज्ञान (रेगुलर, सेल्फ फाइनेंस), एम.एससी माइक्रोबायोलाजी और एम.एससी एनवायरमेंटल साइंस संचालित है। बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में नए सिरे से तैयार किए गए एक और दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम को मंजूरी दी गई। कोर्स में एकेडमिक टूर शामिल किए जाने से छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री, संस्थानों से काफी कुछ सीखने का मिलेगा। साथ ही पौधों का संग्रह भी हो सकेगा।

#### एक वर्षीय पीजी एमएससी कोर्स भी पास

बैठक में एक वर्षीय एम.एससी कोर्स भी पास हो गया है। दो सेमेस्टर का यह कोर्स आगामी सत्र से लागू होगा। इसमें चार साल का यूजी करने वाले प्रवेश ले सकेंगे। एक साल के पीजी कोर्स में प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। बैठक में प्रो. शालिनी श्रीवास्तव, प्रो. एसएन पांडेय, प्रो. अमृतेश शुक्ला, प्रो. राजेश तिवारी, प्रो. अलका कुमारी, डा. अजय सिंह व डा. यूजी पाठक उपस्थित रहे।

**पीजी का हर सेमेस्टर अब 20 क्रेडिट का :** एनईपी के अंतर्गत दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम का हर सेमेस्टर अब 20 क्रेडिट का होगा। यानी पूरा कोर्स 80 क्रेडिट का होगा। अभी तक इसकी संख्या 96 क्रेडिट थी। प्रैक्टिकल में चार के स्थान पर दो क्रेडिट, इंटर और इंट्रा डिपार्टमेंटल विषय भी चार के स्थान पर दो क्रेडिट कर दिया गया है। दूसरे सेमेस्टर में अभी तक पांच पेपर थे, अब चार पेपर होंगे। तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप के लिए चार की जगह दो क्रेडिट मिलेंगे।

### लवि : पूर्व छात्र चित्रकार शत्रुधन कुमार गुप्ता को मिली ग्रांट

जासं • लखनऊ : लवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय स्थित ललित कला संकाय के पूर्व छात्र एवं विषय विशेषज्ञ रहे चित्रकार शत्रुधन कुमार गुप्ता को पोलाक-क्रासनर फाउंडेशन की ओर से 12.91,822 रुपये की ग्रांट के साथ पुरस्कृत किया गया है। संकाय के अधिष्ठाता एवं प्राचार्य प्रो. रतन कुमार ने बताया कि शत्रुधन ने यहां से 2007 में स्नातक और 2009 में परास्नातक चित्रकला की शिक्षा ली।



उन्होंने वर्ष 2019-20 व 2020-21 में बतौर विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाया है। ग्रांट के रूप में यहां पुरस्कार कला में उनके अद्वितीय योगदान की पहचान है। उन्होंने चीन के शियान आर्ट संग्रहालय व शंघाई एकेडमी आफ फाइन आर्ट में प्रदर्शनी भी लगाई थी।

## THE PIONEER PAGE 4

### LU RANKS 22ND FOR BBA PROGRAMME BY IMS

The Lucknow University has ranked 22nd in India for its Bachelor of Business Administration (BBA) programme offered by the Institute of Management Sciences.

This ranking, awarded by the Indian Institutional Ranking Framework (IIRF), highlights the university's commitment to academic excellence and producing industry-ready graduates, officials said. IIRF evaluates institutions on parameters such as academic performance, placements, research output and infrastructure, underscoring LU's comprehensive approach to education. The university's BBA programmes focus on a dynamic curriculum that balances theoretical knowledge with practical application. Students benefit from regular industry interactions, internships and placement opportunities with top companies. "This ranking is a testament to the relentless dedication of our faculty, staff and students. It reflects our commitment to nurturing future business leaders through a blend of academic excellence, innovation and industry relevance," LU Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai said.

### GRANT AWARDED

Principal of the Faculty of Fine Arts, College of Arts and Crafts, Dr Rattan Kumar, announced on Saturday that Indian artist Shatrughan Kumar Gupta has been awarded the prestigious Pollock-Krasner Foundation Grant of $15,000 (Rs 12,91,822.76). Born in Dohrighat, Mau district, Shatrughan graduated from the Arts and Crafts College in 2007 and completed his Masters in Painting in 2009. After the COVID-19 pandemic, he began teaching art at Lucknow Arts and Crafts College. Recently, he held a solo exhibition at the Xi'an Art Museum in China and participated in a group show at the Shanghai Academy of Fine Arts.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### शत्रुघ्न को मिली पोलॉक क्रॉसनर ग्रांट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के शत्रुधन कुमार गुप्ता को पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन ग्रांट मिली है। कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. रतन कुमार ने बताया कि भारतीय चित्रकार शत्रुधन कुमार गुप्ता ने हाल ही में पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पोलॉक क्रॉसनर फाउंडेशन ग्रांट 12,91,822.76 रुपये प्राप्त किया है। मऊ जिले के निवासी शत्रुधन कुमार गुप्ता ने कला एवं शिल्प महाविद्यालय से 2007 में स्नातक तथा 2009 में चित्रकला से परास्नातक किया।

### लविवि में दो और एक वर्षीय पीजी कोर्स को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय अध्ययन परिषद ने दो और एक वर्षीय पीजी कोर्स को मंजूरी दी है। विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में अध्ययन परिषद की बैठक में परास्नातक पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम पर चर्चा हुई। 2 वर्ष के परास्नातक पाठ्यक्रम को 96 की बजाय 80 क्रेडिट करने का निर्णय लिया गया है। जबकि 1 वर्ष का परास्नातक 40 क्रेडिट का होगा। इसके अलावा इंटर्नशिप, प्रैक्टिकल को चार की बजाय 2 क्रेडिट का किया गया। सभी प्रस्तावों को संस्तुति के लिए आगामी फैकल्टी बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा।

### एमकॉम की 13 के बाद की परीक्षाएं स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विवि में एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 27 जनवरी के बीच होनी थी। विवि की ओर से 13 जनवरी की परीक्षा स्थगित करने की जानकारी दी गई है। इन परीक्षाओं के लिए अलग से कार्यक्रम जारी किया जाएगा। सीए व सीए इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दृष्टिगत बीकाम आनर्स पंचम सेमेस्टर 2024 की 15 व 17 जनवरी और एमकाम प्रथम सेमेस्टर 2024 की 13 जनवरी को होने वाली परीक्षा के साथ सीए एवं सीए इंटरमीडिएट में सम्मिलित होने वाले छात्र अपने प्रवेश पत्र के साथ प्रार्थना पत्र 18 जनवरी तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### एलयू: अध्ययन परिषद ने दो और एक वर्षीय पीजी कोर्स को दी मंजूरी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को अध्ययन परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में परास्नातक पाठ्यक्रम के सिलेबस पर चर्चा हुई। जिसके बाद दो वर्ष के पीजी पाठ्यक्रम को 96 की बजाय 80 क्रेडिट करने के फैसले पर सहमति बनी। साथ ही एक वर्ष का पीजी 40 क्रेडिट का होगा। इसके अलावा इंटर्नशिप, प्रैक्टिकल को चार की बजाय दो क्रेडिट का किया गया। सभी प्रस्तावों को संस्तुति के लिए आगामी फैकल्टी बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा।

## TOI PAGE 3

### Arts college alumnus bags Pollock award

**Lucknow:** The Lucknow University's former student of LU's fine arts, now an internationally acclaimed artist, Shatrudhan K Gupta, made his alma mater and city proud by winning the prestigious Jackson Pollock Award, Pollock Krasner Foundation Grant of 15,000 dollars.

Gupta completed his Bachelor of Fine Arts and Master of Visual Arts from the College of Arts and Crafts, Faculty of Fine Arts, LU, in 2009. After graduating from arts college, Gupta was also a visiting lecturer there. Gupta, a visual artist, holds mastery in diverse mediums: paintings, drawings, ceramics, installation, video and mixed media, and fine expressions through colours, forms, drawings, textures, and space division. TNN

## HT PAGE 3

### Arts college teacher gets Rs 12.9L grant

**LUCKNOW:** Shatrughan Kumar Gupta, a teacher at the Arts College of Lucknow University has been awarded the prestigious Pollock-Krasner Foundation Grant of $15,000 (Rs 12,91,822.76). The grant recognises his exceptional contributions to the field of art. Gupta, originally from Dohrighat, Mau, completed his education at the Arts College before pursuing a career as a subject specialist in art at the same institution.